ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# वाक्य के अंग, रचना की दृष्टि से वाक्य, प्रस्तावना विश्लेषण




**CLASS: V**
**SUBJECT : HINDI**
**CHAPTER NUMBER:10**
**TOPIC: पाठ- 13 – वाक्य**
**SUB TOPIC: वाक्य के अंग, रचना की दृष्टि से वाक्य, प्रस्तावना विश्लेषण ।**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024



यलनारि

रनाअ

रजसू





नारियल अनार सूरज

**शब्द**-

**निश्चित अर्थ की ओर संकेत करने वाले वर्ण समूह शब्द कहलाते हैं।**



है रहा अर्पित लिख पत्र

अर्पित पत्र लिख रहा है।

वाक्य किसे कहते हैं?

शब्दों का वह व्यवस्थित समूह जो एक निश्चित अर्थ( भाव) स्पष्ट करे वाक्य कहलाता है।





ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- वाक्य में शब्दों का एक निश्चित क्रम होता है

जैसे- बच्चे फल खाते हैं।
कर्ता कर्म क्रिया

- वाक्य में कर्ता और क्रिया का होना जरूरी
है।

जैसे- बच्चे खेल रहे है।
कर्ता क्रिया

# वाक्य के अंग

## वाक्य के दो प्रमुख अंग होते है –

1. उद्देश्य
2. विधेय

**उद्देश्य** - वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है उसे उद्देश्य कहते हैं ।

जैसे- सुमित कक्षा में प्रथम आया है ।

रानी कपड़े धो रही है ।

उपर्युक्त वाक्यों में 'सुमित' और 'रानी' उद्देश्य है क्योंकि इनके विषय में ही बातें कही जा रही है। ये दोनों वाक्य के कर्ता भी है।



**विधेय** - वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ भी कहा जाता है उसे **विधेय** कहते हैं।



जैसे- सुमित कक्षा में प्रथम आया है।

रानी कपड़े धो रही है।



## 👉 वाक्यों को दो आधारों पर बांट सकते हैं

1. रचना की दृष्टि से
2. अर्थ की दृष्टि से

## रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन भेद-

सरल वाक्य
संयुक्त वाक्य
मिश्र वाक्य

# सरल वाक्य-

ऐसे वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उसे सरल वाक्य कहते हैं।

जैसे - विद्यार्थी लिख रहे हैं।



# संयुक्त वाक्य

इसमें दोनों उपवाक्य अपने आप में स्वतंत्र होते हैं एवं, और ,किंतु,परंतु आदि शब्दों से जुड़े होते हैं।

जैसे- लड़कियाँ नाच रही हैं और गा रही हैं ।



# मिश्र वाक्य

इनमें दो उपवाक्य होते हैं और एक उपवाक्य दूसरे पर आश्रित होता है। क्योंकि ,कि ,जब- तक, जैसा-वैसा ,जो- वह, यदि- तो आदि योजकों का प्रयोग मिश्रित वाक्य में किया जाता है ।

जैसे- यह वही घर है जहाँ मेरा बचपन बीता था।




गृहकार्य
प्रश्न 1 और 2 व्याकरण कॉपी में लिखिए।
ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# शिक्षण प्रतिफल



- श्रवण एवं वाचन कौशल में वृद्धि हुई ।
- वाक्य निर्माण के नियमों की जानकारी हासिल हुई ।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP